निदेशालय,महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश

वन स्टाप सेन्टर के संचालन हेतु विभिन्न पदों पर कार्मिकों के नियुक्ति हेतु विज्ञापन

उत्तर प्रदेश के 17 जनपदों यथा– आगरा, इलाहाबाद, बरेली, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, कन्नौज, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, झांसी, मुजफ्फरनगर, मिर्जापुर, एवं बांदा में संचालित प्रत्येक वन स्टाप सेन्टर पर निम्नलिखित पदों पर कार्मिक तैनात किया जाना है:–

क. सं.	पदनाम	संख्या (प्रति जनपद)	मासिक मानदेय (रू0 मे)	अर्हता
1.	सेन्टर मैनेजर (महिला)	01	40,000/–	किसी विश्वविद्यालय से समाज कार्य अथवा प्रबन्धन से परास्नातक।
2.	मनोवैज्ञानिक/ मनोसामाजिक परामर्शदाता (महिला)	02	30,000/– (प्रति परामर्शदाता)	किसी विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान से परास्नातक।
3.	सामाजिक कार्यकर्ता (केस वर्कर) (महिला)	02	20,000/– (प्रति परामर्शदाता)	किसी विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान / समाज कार्य से परास्नातक।

उपरोक्त पदों के चयन हेतु आरक्षण के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी अधतन शासनादेश नियमों का अनुपालन किया जाएगा।

अभ्यर्थियों का चयन शैक्षिक योग्यता, कार्यानुभव एवं स्क्रीनिंग के आधार पर होगा। आवेदन सलंग्न प्रारूप पर किया जा सकता है। आवेदन पत्र (MS WORD में) एवम् सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु रू० 200/– एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों हेतु रू 100/– का बैंक ड्राफ्ट (डायरेक्टर, काउन्सलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट सेल, लखनऊ विश्वविद्यालय के पक्ष मे देय) की स्कैन्ड कापी 17 अक्टूबर 2017 रात्रि 11:00 बजे तक placementlkouniv@ gmail.com पर मेल करें। उक्त सभी पदों हेतु अभ्यर्थियों की आयु जुलाई 01, 2017 को 21 वर्ष से 40 वर्ष तक होनी चाहिए। नियमानुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु की सीमा में 5 वर्ष की छूट अनुमन्य है। आवेदन के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम उल्लिखित करें।

आवेदन पत्र एवं बैंक ड्राफ्ट की हार्ड कॉपी 23 अक्टूबर 2017 शाम 5:00 बजे तक डायरेक्टर, काउन्सलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट सेल, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007 को पंजीकृत डाक द्वारा पहुंच जानी चाहिए। बैंक ड्राफ्ट के पीछे आवेदित पद, अभ्यर्थी का नाम, पिता/पति का नाम तथा मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित करें। स्क्रीनिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियो को ई–मेल द्वारा सूचित कर दिया जायेगा।

संलग्नक : आवेदन प्रारूप

डायरेक्टर
काउन्सलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट सेल,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

उपर्युक्त पदों में श्रेणी वार आरक्षण का विवरण

क्र. स.	पदनाम	कुल संख्या	अनुसूचित जाति	अन्य पिछडा वर्ग	सामान्य
1	सेन्टर मैनेजर (महिला)	17	3	4	10
2	मनोवैज्ञानिक मनोसामाजिक परामशर्दाता (महिला)	34	7	9	18
3	सामाजिक कार्यकर्ता (केस वर्कर) (महिला)	34	7	9	18

Director
Counseling & Placement calls
University of Lucknow, Lucknow